तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 ढीमर समाज के आम चुनाव व वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए ...

10 बोड़ला तहसील से क्षेत्र के अवैध ईंट भट्टों को केवल...


## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार से हमला करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार का डर दिखाकर हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर में किराये के मकान में पीड़ित रहता है। रात में अज्ञात युवक द्वारा सिगरेट मांगने पर मना से आक्रोशित होकर आरोपी गाली-गलौज की गई। दोबारा विवाद करते हुए धारदार हथियार से पीड़ित पर हमला कर आरोपी अटल आवास, नेहरू नगर, सुपेला निवासी आलोक रामटेके फरार हो गया। घटना में पीड़ित के पसली, दाहिने हाथ में चोट आई। अपराध दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी की खोजबीन में जुटी रही। आरोपी की शिनाख्त कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी से धारदार हथियार जब्त किया गया।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कसारिडीह वार्ड नंबर 44, मंदिर के पास दुर्ग निवासी छोटू सोनवानी के पास से 29 पाव देशी मदिरा मसाला और नगदी रकम 300 रुपए जप्त किया गया। आरोपी के पास से 29 पाव देशी मदिरा मसाला 2900 रुपए का बरामद किया। पदमनाभपुर पुलिस ने किया कार्रवाई।

### मोबाइल से सट्टा लगाने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टा जुआ को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। भिलाई तीन पुलिस ने भी सटोरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि युवकों का नाम नेहरू नगर, भिलाई तीन निवासी गुलाब चंद, वर्मा चौक, पदुमनगर, भिलाई तीन दिनेश कुमार सिन्हा है। मुखबिर की सूचना पर स्टेडियम के अंदर सीढ़ी के पास मोबाइल से सट्टा अंकों पर रुपए का लेनदेन चल रहा था। घेराबंदी कर दोनों युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। युवकों के पास से नगद रकम 12 हजार, मोबाइल जब्त किया गया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### गांजा मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** हाइड्रोपोनिक गांजा मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एमआईजी 01/982, हुडको, भिलाई निवासी आयुष विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने इसी मामले में बोरसी रोड स्थित बीज विकास निगम, रुआबांधा भिलाई क्षेत्र से आरोपी विक्रम साहू और यश विश्वकर्मा को पकड़ा था। पूछताछ में आरोपियों ने आयुष का नाम बताया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। भिलाई नगर पुलिस ने कार्रवाई किया है।

### बकायादारों से घर-घर वसूली, अप्रैल में टैक्स पर छूट का मिलेगा मौका

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा संपत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 अप्रैल कर दिया गया है। यह निर्णय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक करदाता समय पर कर जमा कर शासकीय छूट का लाभ प्राप्त कर सकें।
अप्रैल माह के अंत तक संपत्तिकर जमा करने वाले करदाताओं से किसी भी प्रकार की पेनाल्टी नहीं ली जाएगी। वहीं, 1 मई 2026 के बाद पिछले वर्ष का संपत्तिकर जमा करने पर 17 प्रतिशत तक सरचार्ज वसूला जाएगा। वर्तमान में अंतिम तिथि तक केवल 25 दिन शेष हैं। निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं से अपील की गई है कि वे समय रहते अपना बकाया कर जमा कर छूट का लाभ उठाएं एवं अतिरिक्त शुल्क से बचें। राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया है कि आगामी दिनों में घर-घर जाकर बकायादारों से वसूली की जाए।

# वेतन रुका तो बढ़ी परेशानी: स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की गुहार

## मार्च माह का भुगतान शीघ्र करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा/बेमेतरा

जिले के साजा ब्लॉक में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का मार्च माह का वेतन आहरण नहीं होने से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा के आदेश के बाद वेतन रोक दिए जाने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया था और वर्तमान में उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वेतन भुगतान की मांग को लेकर प्रशासन से गुहार लगाई है। संघ के जिलाध्यक्ष राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष कविता वानखेड़े के नेतृत्व में कर्मचारियों ने ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी साजा के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कलेक्टर बेमेतरा को भी प्रतिलिपि भेजकर शीघ्र वेतन आहरण सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि कई समस्याएं वेतन नहीं मिलने से आ रही है और जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि लोन लेने वाले कर्मचारी समय पर ईएमआई जमा नहीं कर पा रहे हैं। बुजुर्ग माता-पिता के इलाज और दवाइयों की व्यवस्था करने में कठिनाई हो रही है। परिवार के दैनिक खर्च और पालन-पोषण में दिक्कतें आ रही हैं। बच्चों की पढ़ाई और स्कूल फीस जमा करने में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।

### ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित कर्मचारी

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कविता वानखेड़े सहित नेतराम कन्नौजे, रामावतार साहू, सुषमा साहू, सरोज टोप्पो, सूरज साहू, पंकज गुप्ता, गुलाब साहू, अमित तिवारी और रजनी यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### संघ ने जताई नाराजगी, जल्द समाधान की मांग

संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मार्च माह का वेतन तत्काल जारी किया जाए, ताकि वे अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर सकें। कर्मचारियों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही वेतन आहरण की प्रक्रिया पूरी करेगा, जिससे उनकी आर्थिक परेशानियां दूर हो सकें।

## थान खम्हरिया क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग अधूरी, 18 किमी दूर साजा जाने को मजबूर ग्रामीण

# नए वित्तीय वर्ष में भी नहीं खुला उप-पंजीयक कार्यालय, 65 गांवों के किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/थान खम्हरिया




नए वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ जहां क्षेत्रवासियों को उप-पंजीयक कार्यालय खुलने की उम्मीद थी, वहीं यह उम्मीद एक बार फिर अधूरी रह गई। बेमेतरा जिले के बड़े नगरीय निकाय क्षेत्रों में शामिल थान खम्हरिया आज भी बुनियादी प्रशासनिक सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। करीब 10 हजार की आबादी और 65 गांवों वाले इस तहसील क्षेत्र में लंबे समय से उप-पंजीयक कार्यालय की मांग उठती रही है। बावजूद इसके अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है।

परिणामस्वरूप किसानों और आम नागरिकों को भूमि पंजीयन, पावर ऑफ अटॉर्नी, दान-पत्र और इकरारनामा जैसे जरूरी कार्यों के लिए 18 किलोमीटर दूर साजा जाना पड़ता है। पहले सप्ताह में एक दिन थान खम्हरिया में पंजीयन के लिए कैम्प लगाया जाता था, जिससे ग्रामीणों को राहत मिलती थी, लेकिन ऑनलाइन पंजीयन व्यवस्था शुरू होने के बाद यह सुविधा भी बंद कर दी गई। वर्तमान में तहसील के 30 गांव साजा और 35 गांव बेमेतरा उप-पंजीयक कार्यालय से जुड़े हुए हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि राजनीतिक दूरदर्शिता की कमी, जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता और प्रशासनिक उदासीनता के चलते थान खम्हरिया आज भी उपेक्षित है। यहां तहसील कार्यालय, सप्ताह में दो दिन एसडीएम कार्यालय, नगर पंचायत, थाना और विद्युत मंडल कार्यालय जैसी सीमित सुविधाएं ही उपलब्ध हैं।

### विकासखण्ड बनने से जगी उम्मीद

हाल ही में प्रदेश में प्रस्तावित 70 नए विकासखंडों की सूची में थान खम्हरिया को शामिल किया गया है। ऐसे में क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि विकासखंड बनने के बाद प्रशासनिक सुविधाओं का विस्तार होगा। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में फिरोज खान, सतीश जोशी,राजेश साहू, लीलाधर चंद्राकर, विजय शर्मा,ढाल सिह राजपूत, सनत सिह, जगमोहन यादव, पुखराज वर्मा, संजय वैष्णव,तोरण चंद्राकर, जलेश्वर सिह, सिराज कुरैशी,दिल्ली वर्मा, चुन्नू साहू,अशोक साहू,संतोष साहू,प्रकाश सिह, उत्थम साहू,रोहित साहू,विजय मिश्रा आदि ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि थान खम्हरिया में जल्द उप-पंजीयक कार्यालय की स्थापना की जाए, ताकि 65 गांवों के लोगों को राहत मिल सके और उन्हें अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े।

### कांग्रेस नेताओं का बयान

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष अजय शर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से ही थान खम्हरिया प्रशासनिक दृष्टि से उपेक्षित रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित उप-पंजीयक कार्यालय की मांग को जल्द पूरा किया जाना चाहिए, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

### जनता की मांग तेज

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में फिरोज खान, सतीश जोशी,राजेश साहू, लीलाधर चंद्राकर,विजय शर्मा,ढाल सिह राजपूत, सनत सिह, जगमोहन यादव, पुखराज वर्मा, संजय वैष्णव,तोरण चंद्राकर,जलेश्वर सिह, सिराज कुरैशी, दिल्ली वर्मा, चुन्नू साहू, अशोक साहू, संतोष साहू, प्रकाश सिह, उत्थम साहू, रोहित साहू, विजय मिश्रा आदि ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि थान खम्हरिया में जल्द उप-पंजीयक कार्यालय की स्थापना की जाए, ताकि 65 गांवों के लोगों को राहत मिल सके और उन्हें अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े।

# सीईओ ने सुनीं 28 समस्याएं मौके पर किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कलेक्टोरेट के दृष्टि सभा कक्ष में सोमवार जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न विकासखंडों और ग्रामों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी शिकायतें, समस्याएँ और मांगें रखीं।

■ समय-सीमा में समाधान के दिए निर्देश

इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रेमलता पदमाकर ने समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का निराकरण मौके पर ही किया गया, जबकि जांच योग्य मामलों को टीएल पंजी (टाइम लिमिट रजिस्टर ) में दर्ज कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई तात्कालिक महत्व के थे। इनमें भूमि संबंधी विवाद, पेंशन, मुआवजा, आवास योजना, विद्युत तारों की ऊँचाई, रास्ते की समस्या, मुक्तिधाम के लिए भूमि जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं। इसके अतिरिक्त, आम नागरिकों द्वारा निराश्रित पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति, बैटरी चलित ट्रायसायकल की मांग, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, तथा आम रास्ता खुलवाने जैसे विषयों पर भी आवेदन प्रस्तुत किए गए।

सीईओ श्रीमती प्रेमलता पदमाकर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में निपटारा किया जाए और समाधान की जानकारी आवेदक को दी जाए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायतों के निराकरण से वंचित न रहे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री प्रकाश भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाठा देवरी में देवी जस झांकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



ग्राम भाठा देवरी में आयोजित दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय देवी जस झांकी गायन प्रतियोगिता श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के बीच संपन्न हुई।

■ जिपं अध्यक्ष कल्पना रहीं शामिल

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी मुख्य रूप से शामिल हुईं और माँ देवी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मंडलियों द्वारा देवी जस झांकी एवं भक्ति गायन की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं और युवा आयोजन में शामिल होकर भक्ति रस में डूबे नजर आए। इस अवसर पर अपने संबोधन में कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी आस्था, परंपरा और संस्कृति की जीवंत पहचान हैं। उन्होंने कहा कि देवी जस झांकी जैसे कार्यक्रम समाज में श्रद्धा, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों की महत्ता बताते हुए कहा कि इससे समाज में एकता, सहयोग और आपसी सद्भाव मजबूत होता है। जब सभी वर्ग विशेषकर महिलाएं और युवा एक साथ भागीदारी करते हैं, तो समाज में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार होता है। महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में उनकी सहभागिता अत्यंत प्रेरणादायक होती है। महिलाएं परिवार के साथ-साथ समाज को भी संस्कार और संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे सशक्तिकरण और सकारात्मक परिवर्तन को बल मिलता है।

इस अवसर पर सरपंच सीमा नीलकंठ सियारे, उपसरपंच गुमान साहू, मुकेश साहू, भुनेश्वर साहू, पुष्पा साहू, रेखा साहू, स्मारु निषाद, हरिलाल यादव, पन्नालाल साहू, लीलाराम साहू, दुर्गाप्रसाद साहू, भीष्म साहू, रामायण निषाद, दीपक निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नशा व टीबी मुक्त भारत पर हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला के बैठक हाल में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेके कुंजाम के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत एवं टीबी मुक्त भारत विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में स्वास्थ्य संगठन से जुड़े मितानिन, ग्रामीण एवं वृद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मितानिन स्वस्थ पंचायत समन्वयक सत्यभामा परगनिहा ने नशा मुक्ति विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानसिक रूप से भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने बताया कि देश में प्रतिवर्ष 9 से 10 लाख लोगों की मृत्यु नशे के कारण होती है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक नशे से दूर रहें और समाज को स्वस्थ बनाने में सहयोग करें। इस दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मनरेगा, पेंशन, मध्यान्ह भोजन, स्वच्छ पेयजल एवं पंचायतों में सोख्ता गड्ढा निर्माण की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री दिनेश गंगबेर ने टीबी मुक्त भारत अभियान पर प्रकाश डालते हुए सभी उपस्थितजनों को शपथ दिलाई। उन्होंने 24 मार्च 2026 से चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उच्च जोखिम समूह की पहचान एवं समय पर एक्स-रे जांच कराने की अपील की। कार्यक्रम में एमटी प्रेमलता सिन्हा, शकुंतला देवांगन (हेल्प डेस्क बेरला) सहित ग्राम स्वच्छता समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## भाजपा स्थापना दिवस पर गूंजे राष्ट्रभक्ति के स्वर, संगठन को सशक्त करने का लिया संकल्प

# भाजपा सत्ता नहीं, बल्कि सेवा और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य पर कार्य करती है : जिलाध्यक्ष अजय



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जिला भाजपा कार्यालय में उत्साह, जोश और संगठनात्मक एकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण, कार्यकर्ता सम्मेलन, विचार गोष्ठी एवं जनसेवा गतिविधियों सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वज वंदन से हुई, जिसके बाद "वंदे मातरम्" और भारत माता के जयघोष से वातावरण राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा।

भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन बन चुकी है, जिसका श्रेय कार्यकर्ताओं के समर्पण, त्याग और परिश्रम को जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता नहीं, बल्कि सेवा और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से कार्य करती है। कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पार्टी की स्थापना 1980 में राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ हुई, जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, भैरों सिंह शेखावत और नानाजी देशमुख का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जबकि इसकी वैचारिक नींव श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर आधारित है।

रजक कार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने कहा कि भाजपा सदैव गरीब, वंचित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर योजनाओं की जानकारी देने और पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने की अपील की। साथ ही जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के योगदान को स्मरण किया। सरगुजा संभाग प्रभारी एवं पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि राष्ट्रवाद की विचारधारा ने भाजपा को मजबूती प्रदान की है।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने विकास, पारदर्शिता और सुशासन को प्राथमिकता बताते हुए नगर के समग्र विकास की बात कही। जिला पंचायत सदस्य अंजय बघेल अंजू ने कहा कि भाजपा ने हमेशा "राष्ट्र प्रथम" की भावना के साथ कार्य किया है और कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे इस विरासत को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, राष्ट्र सेवा को आगे बढ़ाने तथा "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के संकल्प को दोहराया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह ठाकुर ,प्रीतम चंदेल, महामंत्री राजेश ठाकुर, पोषण वर्मा , प्रनीश रजक तानसेन पटेल, हर्ष वर्धन तिवारी, दीपक मोटवानी ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय वर्मा ,विजय सुखवानी, संजीव तिवारी ,युगल देवांगन राजू देवांगन ,रेवा राम निषाद ,गौरव साहू ,पंचू साहू ,प्रवीण राजपूत नीलू अमरीका निर्मलकर ,विनय साहू ,संदीप यादव, रवि मुलवानी, प्रिंस सुराना ,विकास तंबोली, रोशन दत्ता, योगेश वर्मा ,मोंटी साहू ,राकेश मोहन शर्मा, राजेश शर्मा जाहिद बेग, उत्सव सलूजा, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी, ललिता साहू ,निशा चौबे जया दिवाकर, रजनी पांडे, नीतू कोठारी,ममता साहू सहित पार्टी के पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

